



# 16 दिन से चल रहा आंदोलन खत्म

## पुलिस ने अमित भटनागर समेत कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया



**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 19 जुलाई.** जिले के किशनगढ़ क्षेत्र में केन-बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में बराना नदी के बीच चल रहे 16 दिन पुराने आंदोलन को प्रशासन ने तड़के समाप्त करा दिया.

सुबह पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने नदी क्षेत्र को चारों ओर से घेरकर आंदोलनकारियों को हटाया और आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमित भटनागर समेत कई लोगों को हिरासत में ले लिया. कार्रवाई के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा. इसके बाद हिरासत में लिए गए लोगों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई. प्रशासन के अनुसार, अमित भटनागर के विरुद्ध पहले से हत्या के प्रयास, शासकीय कार्य में बाधा सहित विभिन्न मामलों में प्रकरण दर्ज हैं और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे. पुलिस ने मौके पर उन्हें हिरासत में लेने के साथ अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की.घटना के बाद बराना नदी और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है.



### सुरक्षा के लिए उठाया कदम : कलेक्टर

इस मामले में कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने प्रशासन का पक्ष रखते हुए कहा कि कार्रवाई का उद्देश्य किसी आंदोलन को दबाना नहीं, बल्कि प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था .उन्होंने बताया कि लगातार बारिश के कारण बराना नदी का जलस्तर बढ़ गया था, जिससे नदी के बीच बैठे लोगों की जान को खतरा था .कलेक्टर के अनुसार, प्रभावित ग्रामीणों की प्रमुख मांग विस्थापन पैकेज को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 12 .50 लाख रुपये करने की थी, जिसे राज्य सरकार की कैबिनेट पहले ही मंजूरी दे चुकी है और इसकी जानकारी प्रदर्शनकारियों को दी जा चुकी थी .उन्होंने कहा कि बिना प्रशासनिक अनुमति के आंदोलन किया जा रहा था, इसलिए पन्ना जिले के निवासियों को सुरक्षित बसों से उनके गांव भेजा गया .वहीं, परियोजना में 400 करोड़ रुपये के कथित घोटाले के आरोपों पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को अब तक कोई लिखित शिकायत या साक्ष्य प्राप्त नहीं हुए हैं .

### अलोकतांत्रिक है गिरफ्तारी : सिंघार



केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर जारी आंदोलन के बीच विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी और उन्हें जबरन हटाए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है .उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति का सम्मान होना चाहिए और सवाल पूछना हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है . सिंघार ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विरोध की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है .उन्होंने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना में कथित भ्रष्टाचार और आदिवासी अधिकारों के मुद्दे पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे अमित भटनागर और उनके साथियों की गिरफ्तारी अलोकतांत्रिक है .

# कक्षा में सोते शिक्षक का वीडियो वायरल

## डुमरा हाई स्कूल के शिक्षक पर ड्यूटी में लापरवाही के आरोप



**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 19 जुलाई.** जिले के डुमरा हाई स्कूल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं.वायरल वीडियो में शिक्षक महेंद्र अहिरवार कक्षा में बच्चों को पढ़ाने के बजाय कुर्सी पर सोते हुए दिखाई दे रहे हैं.वीडियो सामने आने के बाद लोगों में नाराजगी है और मामले में कार्रवाई की मांग उठ रही है.

**शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**
**कार्रवाई की मांग तेज**

वीडियो में शिक्षक के सोने के दौरान कक्षा में मौजूद छात्र-छात्राएं बिना निगरानी के शोर मचाते और इधर-उधर घूमते नजर आ रहे हैं.इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती दिखाई दे रही है.स्थानीय लोगों का कहना है कि जिन शिक्षकों पर बच्चों के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी है, उनकी ऐसी लापरवाही चिंताजनक है.

वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने शिक्षा विभाग से मामले की जांच कर जिम्मेदार शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है.लोगों का कहना है कि सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित निगरानी और जवाबदेही आवश्यक है.

फिलहाल शिक्षा विभाग की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान या कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है .वीडियो की सत्यता और परिस्थितियों की पुष्टि संबंधित विभाग द्वारा की जानी बाकी है .अब सभी की नजर इस बात पर है कि विभाग मामले की जांच के बाद क्या कार्रवाई करता है .

# युवक पर चाकू से हमला

**छतरपुर, 19 जुलाई.** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के दूधनाथ मंदिर के पास बीती शाम एक 19 वर्षीय युवक पर छह लोगों द्वारा चाकू से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है.हमले में विश्वनाथ कॉलोनी निवासी शिवम रैकवार गंभीर रूप से घायल हो गया.उसके गले, पीठ और सिर में गंभीर चोटें आई हैं.घायल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है.

घायल के मित्र पवन गोस्वामी के अनुसार, शिवम का आरोपियों के साथ पुराना विवाद चल रहा था, जिसकी शिकायत पहले कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई थी.आरोप है कि आरोपी लगातार उस मामले में समझौता करने और रिपोर्ट वापस लेने का दबाव बना रहे थे.शनिवार शाम शिवम के इंकार करने पर सूरज गुप्ता, पप्पू

**छह आरोपियों पर केस दर्ज**
**पुराने विवाद में वारदात का आरोप**

गुप्ता, विपिन प्रजापति, जग्गी प्रजापति, वैभव प्रजापति और आयुष गुप्ता ने पहले मारपीट की और फिर चाकू से कई वार कर दिए. घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे पवन गोस्वामी को भी चोटें आईं.



# कैंसर का पता चलते ही रिश्तों में आई दरार

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 19 जुलाई.** सोशल मीडिया से शुरू हुई प्रेम कहानी अब अदालत तक पहुंच गई है.रतलाम निवासी आकाश जाट ने आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी साक्षी नकुम ने कानूनी रूप से

**बिना तलाक दूसरी शादी के मामले में पत्नी के खिलाफ वारंट जारी**

तलाक लिए बिना छतरपुर के एक युवक से दूसरी शादी कर ली.मामले में न्यायालय ने साक्षी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है.

आकाश और साक्षी की मुलाकात इंस्टाग्राम पर हुई थी.छह महीने की दोस्ती के बाद दोनों ने 20 नवंबर 2022 को इंदौर के आर्य समाज मंदिर में विवाह किया.बाद में 13 दिसंबर 2022 को परिवार की सहमति से रतलाम में रीति-रिवाज के साथ दोबारा शादी हुई.शादी के चार महीने बाद आकाश को सांस नली (ट्रेकिया) के कैंसर का पता चला.उनका आरोप है कि बीमारी के बाद पत्नी का व्यवहार बदल गया और उसने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराने के साथ फैमिली कोर्ट में तलाक की याचिका भी दायर कर दी.

आकाश का आरोप है कि तलाक का मामला लंबित रहने के दौरान 10 जून 2024 को साक्षी ने छतरपुर के एक युवक से दूसरी शादी कर ली, जिससे उन्हें एक बेटी भी हुई .18 अप्रैल 2026 को फैमिली कोर्ट ने साक्षी की तलाक याचिका खारिज कर दी .इसके बाद आकाश ने जेएमएफसी कोर्ट में आपराधिक परिवाद दायर किया .अदालत ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 82(1) के तहत मामला दर्ज कर साक्षी को कई बार समन भेजा, लेकिन पेश नहीं होने पर गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए 25 जुलाई को अदालत में पेश होने के निर्देश दिए .

### एक नजर में



### रेलवे परिसर में हुआ पौधारोपण

**छतरपुर .** पुनर्विकसित अमृत भारत रेलवे स्टेशन के लोकार्पण अवसर पर छतरपुर सिविल सोसाइटी और रेलवे प्रशासन ने स्टेशन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया . इस दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक नंदी शुक्ला ने सिविल सोसाइटी के संयोजक शंकरलाल सोनी और पंकज जैन को पौधा भेंट कर सम्मानित किया .कार्यक्रम के बाद महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा के समक्ष पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया .वहीं, सिविल सोसाइटी ने डीआरएम अमन वर्मा को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शॉल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया .




### छतरपुर में शराब दुकानों के नए ठेकेदार तय

**छतरपुर .** जिले में आबकारी व्यवस्था के संचालन के लिए आबकारी विभाग ने प्रमुख शराब दुकानों और समूहों के आवंटन आदेश जारी कर दिए हैं .आदेश जारी होने के बाद अब संबंधित दुकानों का संचालन नए लाइसेंसधारी ठेकेदार करेंगे .विभाग की टीम सभी स्वीकृत दुकानों का भौतिक प्रभार नए संचालकों को सौंपने की प्रक्रिया पूरी करेगी . जारी आदेशों के अनुसार, छतरपुर क्रमांक-1 समूह का आवंटन परशुराम शिवहरे को 21 करोड़ 50 लाख रुपये में और छतरपुर क्रमांक-2 समूह का आवंटन पंकज राय को 22 करोड़ 25 लाख रुपये में किया गया है .खजुराहो समूह का ठेका रामकुमार शर्मा को 6 करोड़ 35 लाख रुपये में स्वीकृत हुआ है . इसी प्रकार बमीठा समूह का आवंटन रवि कुमार द्विवेदी को 9 करोड़ 17 लाख 55 हजार 555 रुपये, चंद्रनगर समूह का श्री गिरराज इंफ्रास्ट्रक्चर को 2 करोड़ 79 लाख 99 हजार 999 रुपये, हरपालपुर एफ समूह का श्री महाकाल ट्रेडिंग कंपनी को 1 करोड़ 82 लाख 82 हजार रुपये तथा हरपालपुर के एक अन्य समूह का आवंटन अमित अग्रवाल को 1 करोड़ रुपये में किया गया है . आबकारी विभाग के अधिकारियों के अनुसार सभी सफल बोलीदाताओं को आवंटन आदेश जारी कर दिए गए हैं .

# पंचायत भवन निर्माण में अनियमितताएं

## ■ निर्माणाधीन भवन की दीवारों में आ गई दरारें ■ घटिया निर्माण का आरोप

**नवभारत न्यूज**
**चंदला, 19 जुलाई.गौरिहार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कितपुरा में 37.49 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही विवादों में आ गया है.**



निर्माणाधीन भवन की दीवारों में कई स्थानों पर दरारें दिखाई देने लगी हैं, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है और घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि जिस पंचायत भवन का निर्माण वर्षों तक ग्रामवासियों की सुविधा के लिए किया जाना था, उसकी हालत निर्माण पूरा होने से पहले ही खराब होने लगी है. भवन की दीवारों में उभर रही दरारें इस बात का संकेत हैं कि निर्माण कार्य में कहीं न कहीं गंभीर लापरवाही बरती गई है. यदि समय रहते इसकी जांच नहीं कराई गई तो भविष्य में यह भवन ग्रामीणों के लिए खतरा भी बन सकता है.

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच एवं सचिव निर्माण कार्य की प्रभावी निगरानी नहीं कर रहे हैं, जबकि संबंधित विभाग के इंजीनियर भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने की बजाय कागजी कार्रवाई के आधार पर ही निर्माण कार्य का मूल्यांकन कर रहे हैं. इससे निर्माण एजेंसी मनमाने तरीके से काम कर रही है और गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है.

**इनका कहना है**

पंचायत भवन निर्माण कार्य की जांच कर कार्रवाई की जाएगी.
**-मधु प्रजापति, सहायक यंत्री, जनपद पंचायत**

# कनक ज्वेलर्स से लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ बदमाश

## गैस सिलेंडर से ताला काटकर घुसा चोर




**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 19 जुलाई.** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पठापुर रोड स्थित कनक ज्वेलर्स में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात चोरी की बड़ी वारदात हुई.अज्ञात बदमाश दुकान का ताला काटकर अंदर घुसा और करीब 2 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात तथा 3 हजार रुपये नकद चोरी कर फरार हो गया.पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई.

जानकारी के अनुसार, रात करीब 2:12 बजे बदमाश मिनी गैस सिलेंडर की मदद से दुकान का ताला काटकर अंदर दाखिल हुआ.उसने दुकान में रखे करीब 10 ग्राम सोने के जेवर, 250 ग्राम चांदी के आभूषण और गुल्लक में रखे 3 हजार रुपये नकद एक पॉलीथिन में भर लिए और मौके से फरार हो गया.घटना की जानकारी रविवार सुबह दुकान खुलने पर लगी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया.पुलिस ने दुकान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है.फुटेज में बदमाश चोरी के बाद सामान लेकर जाते हुए दिखाई दे रहा है.

### नाले में गिरी बाइक, किशोर की मौत



ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्रा में शनिवार शाम करीब 5 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया .एक बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई . हादसे में 15 वर्षीय मिथुन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो अन्य युवकों को मामूली चोटें आईं . घटना की सूचना मिलते ही ईशानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भिजवाया .रविवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया .पुलिस ने मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है .प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बाइक पर तीन लोग सवार थे .मामले में आगे की जांच जारी है .

### शिविर में आए ग्रामीणों को दिलाई शपथ

**सीहोर.** भाऊखेड़ी के सैकड़ों ग्रामीणों ने जहां निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का लाभ उठाया वही पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ भी ग्रहण की. अटल अस्पताल द्वारा रविवार को लगाए गए शिविर में मेडिसिन, हड्डी एवं जोड़ रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह एवं उपचार उपलब्ध कराया. इस दौरान बुखार, सर्दी-खांसी, सिरदर्द, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेट संबंधी समस्याओं तथा हड्डी एवं जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीजों का परीक्षण किया गया. शिविर के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया.

**जन-जागरुकता** | **नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान में लोगों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ**

# झुग्गी बस्तियों में चला नशामुक्ति जागरुकता अभियान

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 19 जुलाई.** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के तहत चतुर्थ दिवस जिले के झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों और चिन्हित हॉटस्पॉट पर विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए.

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम के दौरान नशे के आदी व्यक्तियों




और उनके परिजनों को नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की जानकारी दी गई, साथ ही सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से परामर्श और आवश्यक चिकित्सीय सहायता की उपलब्धता से भी अवगत कराया गया तथा सभी को नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई.

छतरपुर पुलिस ने बताया कि 30 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. अभियान का उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे से दूर रखकर नशामुक्त समाज के निर्माण में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करना है.

### स्कूल वाहनों पर लगाए जा रहे नशामुक्ति पंपलेट

'नशे से दूरी है ज़रूरी 2 .0' अभियान के तहत छतरपुर पुलिस ने जनजागरूकता को नई गति देते हुए विद्यालय वाहनों पर नशामुक्ति संबंधी जागरूकता पंपलेट लगाना शुरू किया है .अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों और आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है .

**श्रीकृष्ण पर कथित टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन**

# बजरंग दल ने किया पुतला दहन

**नवभारत न्यूज**
**छतरपुर, 19 जुलाई.** भगवान श्रीकृष्ण पर कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में रविवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन किया.कार्यकर्ता मोटे के महावीर मंदिर से रैली निकालते हुए छत्रसाल चौक पहुंचे, जहां उन्होंने कथित रूप से संबंधित मौलाना का पुतला दहन कर विरोध जताया.

**आरोपी मौलाना के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग**



प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की.इसके बाद पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई.प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल तैनात रहा और पूरे कार्यक्रम पर नजर रखी गई.प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ.पुलिस ने ज्ञापन प्राप्त कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया.